प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 24.11.2024

दिनांक 24.11.2024 को कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा जानलेवा हमला करने वाला 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का विवरणः- दिनांक 22.11.2024 को वादिया सुमन पुत्री यज्ञदत्त निवासी जूटमील कम्पाउण्ड पटेल मार्ग थाना सिहानी गेट गाजियाबाद को प्रतिवादीगण द्वारा वादिया के भाई के नीरज के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर गम्भीर रुप से घायल करने के सम्बन्ध में तहरीर दी। उक्त तहरीर के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कविनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी ।

कार्यवाही का विवरणः- उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों के अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे व मुखबीर की सूचनाके आधार पर दिनांक 24.11.2024 को अभियुक्त फुरकान पुत्र सलाउद्दीन निवासी मस्जिद वाली गली रजापुर शास्त्रीनगर थाना कविनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 23 को एनडीआरएफ शास्त्रीनगर चौराहे से हापुड़ चुंगी की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त फुरकान ने पूछताछ में बताया कि साहब मैं और मेरे 4 अन्य दोस्तों ने मिलकर नीरज को जान से मारने की नियत से हमला किया था किन्तु वह बच गया।

अभियुक्त का नाम पता-

अभियुक्त फुरकान पुत्र सलाउद्दीन निवासी मस्जिद वाली गली रजापुर शास्त्रीनगर थाना कविनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 23

गिरफ्तार करने वाले टीमः-

पुलिस टीम थाना कविनगर ।

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास व मारपीट के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद ।

दिनांक 22.11.2024 को वादिया द्वारा थाना लोनी बॉर्डर पर तहरीर दी गई कि अभियुक्तगण द्वारा वादिया के पति के साथ गाली गलौज करना, मारपीट करना तथा नितिन उर्फ लोंगा द्वारा वादिया के पति के हाथ पकडना तथा निन्हे पुत्र सुभाष द्वारा धारदार चाकु /छुरी से जान से मारने की नियत से वादिया के पति की कमर में वार करना जिससे गम्भीर रूप से घायल हो जाने सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया । घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरे, मैनुअल इनपुट आदि की मदद ली गयी । तत्पश्चात थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त नितिन उर्फ लोंगा पुत्र मुकेश निवासी पंचवटी कॉलोनी बस डिपो के पीछे थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

आज दिनांक 24.11.2024 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त निन्हे उर्फ विकास पुत्र सुभाष निवासी पंचवटी कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 26 वर्ष को संगम सिनेमा के पास चौकी क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद हुआ । अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण

अभियुक्त निन्हे उर्फ विकास ने पूछने पर बताया कि साहब मैं और मेरा दोस्त गली में खडे होकर शराब पी रहे थे तथा अमित द्वारा हमसे गली में शराब पीने से मना किया गया तो इस बात पर हमारी आपस में हाथापाई व गाली गलौच हो गयी। हम नशे में थे, मेरे साथ नितिन ने अमित के हाथ पकड लिये और मैंने अमित की कमर में चाकू मार दिया। जिससे अमित घायल हो गया और फिर हम वहाँ से भाग गये।

बरामदगी का विवरण

घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता

निन्हे उर्फ विकास पुत्र सुभाष निवासी पंचवटी कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 26 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/ पंजीकृत अभियोग

अभियुक्त के विरुद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर 01 अभियोग मारपीट तथा उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।

थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 23.11.2024 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चौकी क्षेत्र कस्बा थाना लोनी गाजियाबाद निठौरा अन्डरपास के पास से मादक पदार्थ 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त वसीम पुत्र नफीस निवासी 21 पीर अमन गार्डन शब्लू गढी थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब मैं नशीला पदार्थ गांजा की पुड़िया बनाकर चोरी-छिपे आसपास के क्षेत्रों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देता हूँ, गांजा बेचकर मिले रूपयों से मैं अपने शौक पूरा करता हूँ। मैं गांजा की पुड़िया चोरी-छिपे निठोरा अन्डरपास के पास लोगों को बेच रहा था कि आपने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता

वसीम पुत्र नफीस निवासी 21 पीर अमन गार्डन शब्लू गढी थाना लोनी, उम्र करीब 26 वर्ष

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में थाना लोनी पर धारा-363/366 भादवि के अंतर्गत 01 अभियोग पंजीकृत है तथा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण

मादक पदार्थ 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना लोनी पुलिस टीम।